

## आईसीसी की अपील

आईसीसी ने सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग पर चिंता जताई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट कम्युनिटी से आग पीड़ितों के लिए दान देने की अपील की। उन्होंने कहा- इससे 2020 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप के प्रशंसकों को भी दान देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में आग, मदद के लिए आगे आए दुनियाभर के खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग से बड़ा नुकसान हुआ है। पूरी दुनिया इस आग को लेकर चिंतित है। इस आग की चपेट में जिन लोगों को जान और संपत्ति का नुकसान हुआ है उन परिवारों की मदद के लिए खिलाड़ी बढ़-चढ़कर आगे आ रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऐलान किया है कि ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच होने वाले वन-डे इंटरनैशनल के जरिए राहत और पुनर्वास के लिए फंड इकट्ठा किया जाएगा। डेविड वॉर्नर ने ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की है जिससे वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के टेनिस स्टार निक किर्गियोस ने ऐलान किया है कि वह हर मैच से होने वाली इनकम का एक हिस्सा पीड़ितों के लिए दान करेंगे। टेनिस खिलाड़ी अलेक्स डी ने भी उनका साथ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के टी-20 स्टार ग्लेन मैक्सवेल और क्रिस लिन ने कहा है कि वे हर छक्के पर 250 डॉलर डोनेट करेंगे। बता दें कि वह इन दिनों बिग बैश लीग में खेल रहे हैं। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को ऐलान किया कि एटीपी कप और ऑस्ट्रेलिया ओपन के जरिए भी पीड़ितों के लिए फंड इकट्ठा किया जाएगा। पूर्व लेग स्पिनर शेन वॉर्न ने पीड़ितों की मदद करने के लिए अपनी टेस्ट जर्सी नीलाम करने का फैसला किया है।

# धोनी जल्द ही वनडे क्रिकेट को कह सकते हैं अलविदा

### भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच शास्त्री ने कहा कि धोनी टी20 में खेलते रहेंगे

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दो बार वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जल्द ही वनडे फॉरमेट से संन्यास ले सकते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यह बात कही है। एक निजी समचार चौनल को दिए इंटरव्यू में शास्त्री ने कहा, श्धोनी जल्द ही अपना वनडे करियर खत्म करने की घोषणा कर सकते हैं। वहीं चार दिवसीय टेस्ट क्रिकेट के प्रस्ताव को शास्त्री ने बकवास बताया है।

रवि शास्त्री ने कहा, हमारी एमएस धोनी बात हुई और वह बात हमारे ही बीच है। उन्होंने अपना टेस्ट करियर समाप्त कर दिया है और जल्द ही वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं।श उन्होंने कहा, श्धोनी ने लगातार सभी फॉर्मेट में खेला और इसलिए उनका सम्मान होना चाहिए।





शास्त्री ने कहा, हो सकता है कि वह अब केवल टी-20 मैच ही खेलना चाहें। वह आईपीएल में खेलने जा रहे हैं और अब यह देखना है कि आगे के लिए क्या फैसला लेते हैं। रवि शास्त्री ने संकेत दिया कि अगर धोनी आईपीएल में अच्छा खेलते हैं तो ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा भी हो सकते हैं।

शास्त्री ने कहा कि छोटे फॉर्मेट में धोनी के अनुभव का फायदा उठाया जा सकता है। धोनी की कप्तानी में भारत ने तीन आईसीसी टूर्नमेंट जीते हैं। धोनी ने जुलाई 2019 के बाद कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। धोनी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच न्यू जीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में खेला था। शास्त्री ने कहा कि टी20 विश्व कप के लिये टीम का चयन करते समय फॉर्म और अनुभव को तवज्जो दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'हमें व्यक्ति के अनुभव और फॉर्म पर विचार करना होगा। उन्हें पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। अगर धोनी आईपीएल में अच्छा खेलते हैं तो वह खुद को दावेदारों में शामिल कर देंगे।' धोनी ने भारत की तरफ से 350 वनडे, 90 टेस्ट ओर 98 टी अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उनके नाम पर 829 शिकार दर्ज हैं। उनके अगुवाई में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था।

चार दिन के टेस्ट के मामले में शास्त्री ने कुछ बड़े खिलाड़ियों का नाम लेते हुए कहा कि यह आइडिया बेकार है। उन्होंने कहा कि सचिन तेंडुलकर और रिकी पोंटिंग भी इसका विरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'चार दिवसीय टेस्ट बकवास है।

## सीएए के सपॉर्ट में कोच रवि शास्त्री, बोले- संयम के साथ सोचें भारतीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच रवि शास्त्री ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को संयम के साथ इस बारे में विचार करना चाहिए।

शास्त्री ने एक निजी टीवी चैनल को पुणे में दिए इंटरव्यू में गुरुवार को कहा, मैं भारत के लिए तब से खेल रहा हूं, जब 18 साल का था। मेरी टीम में हर तरह के लोग थे, अलग-अलग जाति, अलग धर्म। जरा सोचिए भारतीय। सरकार ने इस बारे में जरूर सोचा होगा।

उन्होंने कहा, श्अब इसे लागू करने की बारी है, जब सरकार को कुछ बदलाव करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि कुछ लोगों को यह डर सता रहा है कि इससे उन्हें भारतीय और गैर-भारतीय बना दिया जाएगा तो उन्होंने कहा, श्मैंने गहराई से इसे नहीं पढ़ा है, लेकिन वही कह रहा हूं जो मुझे लगता है। भारतीयों को संयम के साथ सोचना चाहिए, हर किसी के लिए फायदा है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शास्त्री ने पिछले साल सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया था, जिसमें वह लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाए गए श्फिट इंडिया मूवमेंटश और श्स्वच्छ भारत अभियानश में शामिल होने को कह रहे थे।

बता दें कि पिछले एक महीने के दौरान सीएए को लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसके बाद हिंसक प्रदर्शनों में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार तक किया गया।

## उपमहाद्वीप में परिस्थितियां कठिन, पर विराट की टीम के लिए तैयार हैं हम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने गुरुवार को कहा कि उपमहाद्वीप की परिस्थितियों पर दौरा करने वाली टीम के खिलाड़ी अपनी काबिलियत पर शक करने लगते हैं, लेकिन उनकी टीम के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा- भारत में आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज में उनका इरादा विराट कोहली की टीम को उसकी ही सरजमीं पर पस्त करने का है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में 12 महीने पहले पांच मैचों की वनडे सीरीज में वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की थी।

आगामी सीरीज मुंबई में 14 जनवरी से शुरू होगी। फिंच ने टीम की रवानगी से पहले 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से पिछले साल भारत में सीरीज में मिली जीत के बारे में बात करते हुए कहा, 'इससे आपको भरोसा मिलता है कि उन परिस्थितियों में हमारी रणनीति काफी अच्छी थी।' उन्होंने कहा, 'जब आप उपमहाद्वीप में खेलते हो तो आप अपनी रणनीति पर भी शक करना शुरू कर देते हो क्योंकि घरेलू टीम इतना दबदबा बना लेती है और आप पर हावी हो जाती है। भारत हो या पाकिस्तान या फिर श्रीलंका। वे आपकी काबिलियत पर शक करा देते हैं।'

## न्यूज डायरी



### मैच से पहले ब्रेन कैंसर पीड़ित बच्चे ने किया बैट फ्लिप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में होने वाली प्रतिष्ठित बिग बैश लीग (बीबीएल) में गुरुवार को एक बच्चे ने बैट फ्लिप में योगदान दिया। यह बच्चा ब्रेन कैंसर से पीड़ित है जिसने ब्रिसबेन हीट और होबर्ट हरीकेंस के बीच मुकाबले से पहले सिक्के के बजाय श्बैट फ्लिपश किया। 5 साल के इस बच्चे का नाम स्लेटर वॉकर है जो ब्रिसबेन हीट टीम का बड़ा फैन है। उसे टीम की ओर से गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर स्टेडियम में बुलाया गया था। ब्रिसबेन हीट ने इस मुकाबले को 5 विकेट से जीता। बीबीएल के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया गया, बैट फ्लिप में सहायता करने वाले 5 साल के स्लेटर वॉकर, दुर्भाग्य से उन्हें ब्रेन कैंसर है लेकिन वह हीट टीम के बड़े फैन हैं। गाबा में आज के मैच के लिए वह गेस्ट ऑफ ऑनर हैं। मैच का लुत्फ उठाइए, स्लेटर। बीबीएल में सिक्के से टॉस की बजाय बैट को उछाला जाता है।

### महिला फुटबाल लीग 24 जनवरी से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को कहा कि हीरो महिला लीग 2019-20 का अंतिम दौर 24 जनवरी से बेंगलुरु में शुरू होगा। टूर्नामेंट में इस बार देश भर की 12 टीमें भारतीय महिला क्लब फुटबाल के शीर्ष पुरस्कार के लिये जोर आजमाइश करेंगी। इससे पहले देश भर में क्षेत्रीय क्वालीफायर्स का आयोजन किया गया जिनमें से मणिपुर, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, कर्नाटक और शेष भारत क्षेत्र की टीमें अंतिम दौर में पहुंची। सभी 12 टीमों को छह छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में टीमें एक दूसरे से खेलेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 13 फरवरी को होगा।

### सीजन की शुरुआत जीत से करने पर हॉकी स्ट्राइकर मनदीप की नजरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। भारतीय स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम इस महीने के अंत में होने वाले दो मैचों के मुकाबले में सत्र की शुरुआत जीत से करना चाहेगी। वह घरेलू मैदान में नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में पदार्पण करने को तैयार हैं। पिछले साल प्रो लीग के पहले चरण में भारत ने हिस्सा नहीं लिया था और अब टीम टूर्नमेंट के पहले चरण में भुवनेश्वर में 18 और 19 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगी।

युवा स्ट्राइकर को लगता है कि पांचवीं रैंकिंग पर काबिज मेजबान टीम आगामी मुकाबले में तीसरी रैंकिंग की नीदरलैंड को कड़ी चुनौती देगी। मनदीप ने पिछले साल भारत के सर्वाधिक गोल दागे थे। उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा नीदरलैंड के खिलाफ करीबी मैच खेले हैं। पिछले साल हम उनके खिलाफ नहीं खेले लेकिन हमारा मानना है कि अच्छे संयोजन और गोल करने की क्षमता के साथ बतौर टीम हमने काफी सुधार किया है।' हम सत्र की शुरुआत जीत से करना चाहते हैं।'

### खेलो इंडिया यूवा खेलों में महाराष्ट्र और हरियाणा में होगा कड़ा मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुवाहाटी। मौजूदा चौंपियन महाराष्ट्र और उप विजेता हरियाणा के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे खेलों इंडिया युवा खेलों में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। महाराष्ट्र ने पिछली बार कुल 228 पदक जीते थे और उसने इस बार 579 खिलाड़ियों का मजबूत दल उतारा है। इस बार भी उसे अपने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक पदक जीतने की उम्मीद है। उन्हें हालांकि हरियाणा से सतर्क रहना होगा जिसने इस बार 682 खिलाड़ियों का दल भेजा है और वह महाराष्ट्र तथा 34 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कड़ी चुनौती देने के लिये तैयार है। दिल्ली इससे पहले पिछले दोनों खेलों में तीसरे स्थान पर रहा था और वह भी तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगा। इस बार 20 खेलों में 6500 से भी अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में साइकिलिंग और लॉन बाल्स को भी पहली बार शामिल किया है। भारत में पहली किसी खेल प्रतियोगिता में इतने अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।